

अनुष्का का खुलासा

अनुष्का ने एक फैशन पत्रिका से बातचीत में याद किया कि कैसे वे दोनों वीडियो कॉल करते थे या एक–दूसरे से छोटी मुलाकात का वक्त निकालते थे। उन्होंने कहा, लोग समझते हैं कि जब मैं विराट से मिलती हूं या विराट मेरे से मिलने आते हैं, तो यह एक छुट्टी है, जबकि ऐसा नहीं है। हममें से एक हमेशा काम कर रहा होता है। दरअसल, शादी के पहले छह महीनों में हमने सिर्फ 21 दिन साथ बिताए। जी, यह बात सही है क्योंकि मैंने हिसाब लगाया है। कोरोना वायरस के चलते हुए लॉकडाउन की वजह से विराट और अनुष्का काफी समय साथ बिता रहे हैं। वे छत पर क्रिकेट खेलने से लेकर ऑनलाइन शो देख रहे हैं।

## शादी के पहले विराट के साथ गुजारे सिर्फ 21 दिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट और सिनेमा– दोनों में काफी वक्त जाता है। और ऐसे में अकसर खिलाड़ियों और सिने सितारों को अपने परिवार के साथ वक्त बिताने का मौका नहीं मिलता। हालांकि कोरोना वायरस की वजह से लॉकडाउन होने से सभी गतिविधियां ठप्प हो गईं। और इसी दौरान खिलाड़ियों और सिनेमा से जुड़े लोगों को अपने परिवार के साथ रहने का मौका मिला। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और अनुष्का शर्मा इसका उदाहरण हैं। अनुष्का ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि शादी के पहले छह महीनों में उन्होंने और विराट ने 21 दिन से ज्यादा साथ नहीं बिताए थे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि विराट के साथ बिताया गया हर लम्हा खास होता है। विराट ने कहा, हम हर दिन एक–दूसरे के प्यार में जीते हैं। हमारा प्यार और सिर्फ प्यार का है। हमें ऐसा लगता है कि हम एक–दूसरे को कुछ साल से ही नहीं बल्कि जन्मों से जानते हैं।

# ग्रेग चैपल भारतीय नहीं इसलिए उन्हें टारगेट करना आसान

**क्रिकेट**

## चैपल ने नहीं बर्बाद किया मेरा करियर, बोले इरफान पठान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इरफान पठान के पास रफ्तार थी। वह गेंद को स्विंग करा सकते थे। बल्ले से भी उपयोगी पारियां खेल सकते थे। उन्हें भविष्य का कपिल देव तक कहा जाने लगा था। गेंद और बल्ले दोनों से वह कमाल दिखा सकते थे। लेकिन इरफान उन ऊंचाइयों को नहीं छू पाए जिनकी उनसे उम्मीद की जा रही थी। इसके पीछे कई लोगों को कई वजह दिखीं। सबसे सामान्य नजरिया यह था कि तब के कोच ग्रेग चैपल ने उनका करियर बर्बाद कर दिया। हालांकि अब इरफान ने इस पर अपनी राय रखी है। और उनकी राय आम जनमानस से अलग है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के एक साल बाद पठान ने कहा कि पूर्व भारतीय कोच चैपल पर उनका करियर बर्बाद करने का आरोप लगाना सही नहीं है। उन्होंने कहा, यह सच नहीं है कि ग्रेग चैपल ने मेरा करियर बर्बाद कर दिया। अब चूंकि वह भारतीय नहीं हैं इसलिए उन पर सारा दोष मढ़ना आसान हो जाता है। रौनक कपूर के साथ ऑनलाइन शो में बात करते हुए इरफान ने ये बातें कहीं। इरफान ने चौपल के बारे में यह भी कहा कि उन्हें गलत समझा गया।

चैपल साल 2005–07 के बीच भारतीय टीम के मुख्य कोच थे। उनकी कोचिंग का कार्यकाल काफी विवादों भरा रहा। इनमें सौरभ गांगुली को कप्तानी से हटाना भी एक रहा। गांगुली और चैपल के रिश्ते काफी खराब रहे।

वीरेंदर सहवाग और हरभजन सिंह जैसे सितारे खुलकर चैपल की आलोचना कर चुके हैं। उन्होंने कई मौकों पर कहा है कि चैपल टीम में दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। यहां तक कि सचिन तेंडुलकर ने भी चौपल के कार्यकाल पर पानी अब सिर के ऊपर चला गया है।



जैसी टिप्पणी की थी। चैपल की आलोचना इसलिए भी की जाती है क्योंकि कहा जाता है उन्होंने पठान को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा। कई लोग मानते हैं कि यह पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज का ही आइडिया था। हालांकि पठान ने इस बात से इनकार किया। उन्होंने कहा कि यह महान खिलाड़ी सचिन तेंडुलकर का आइडिया था और इसका उनकी गेंदबाजी की फॉर्म में गिरावट से कोई वास्ता नहीं है।

उन्होंने कहा, 'सचिन पाजी ने राहुल द्रविड़ को मुझे नंबर तीन पर भेजने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वह (इरफान) छक्के मारने की ताकत रखते हैं, नई गेंद से तेजी से रन बना सकते हैं और तेज गेंदबाजों को भी अच्छी तरह से खेल सकते हैं, इसलिए उन्हें बल्लेबाजी में ऊपर प्रमोट करना चाहिए।' इसलिए यह कहना सही नहीं है कि चैपल ने मेरा करियर खराब किया। वह चूंकि भारतीय नहीं थे, तो उन्हें टारगेट करना आसान है।'

## वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज सर एवटरन वीक्स का 95 साल की उम्र में निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज सर एवरटन वीक्स का बुधवार को 95 साल की उम्र में निधन हो गया। वीक्स को साल 2019 में हार्ट अटैक हुआ था और इसके बाद से ही उनकी तबीयत खराब थी।

एवरटन वीक्स वेस्ट इंडीज के तीनों के हिस्सा थे। वीक्स क्लाइड वॉलकॉट और फ्रैंक वॉरेल के साथ बारबेडोस के जन्मे खिलाड़ी थे। इन तीनों में वीक्स को सबसे मजबूत बल्लेबाज माना जाता था। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए 48 टेस्ट मैच खेले।

वीक्स ने सर क्लाइड वाल्कॉट और सर फ्रैंक वारेल के साथ मिलकर पचास के दशक में विश्व क्रिकेट का सबसे मजबूत



बल्लेबाजी क्रम तैयार किया था। उन्हें कैरेबियाई क्षेत्र में खेलों का 'जनक' भी कहा जाता है। वीक्स, वाल्कॉट और वारेल का जन्म बारबाडोस में अगस्त 1924 से लेकर जनवरी 1926 तक 18 महीनों के अंदर हुआ था और इन तीनों ने 1948 में तीन सप्ताह के अंदर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

वारेल का 1967 और वालकॉट का 2006 में निधन हो गया था। ब्रिजटाउन का राष्ट्रीय स्टेडियम इन तीनों के नाम पर 'थ्री डब्ल्यूज ओवल' के नाम से जाना जाता है। वीक्स ने 1948–58 के बीच 58.62 के औसत से 4455 रन बनाए। वीक्स ने कुल 15 शतक लगाए। वीक्स का टाइमिंग बहुत अच्छा था और वह बहुत जल्दी गेंद की लेंथ पहचान लेते थे। उन्होंने 152 फर्स्ट–क्लास मैचों में 12010 रन बनाए। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 55.34 का रहा। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 36 सेंचुरी लगाई और उनका सर्वाधिक स्कोर 304 रन रहा।

वीक्स ने लगातार पांच टेस्ट मैचों में शतक लगाने का रेकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने इंग्लैंड और भारत के खिलाफ 1948 में पांच शतक लगाए। वीक्स फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी सबसे ज्यादा शतक लगाने का रेकॉर्ड भी बना लेते अगर वह अपनी अगली टेस्ट पारी में 90 के स्कोर पर रन आउट करार नहीं दिया गया होता।

## मैं चाहता हूं महेंद्र सिंह धोनी अगले 10 साल तक खेलेंः माइकल हसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मध्यक्रम बल्लेबाज माइकल हसी ने हाल ही में महेंद्र सिंह धोनी को लेकर अपनी इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि धोनी अगले 10 साल और क्रिकेट खेलना जारी रखें। चेन्नै सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी ने धोनी और कोच स्टीफन फ्लेमिंग के बीच मजबूत संबंधों की भी तारीफ की।

माइकल हसी ने क्रिकेट से जुड़े कई पहलुओं पर अपनी राय जाहिर की। इसमें चेन्नै सुपर किंग्स के अलावा इस साल के अंत में प्रस्तावित भारत और ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट सीरीज भी शामिल थी। सीएसके के डग आउट में धोनी और फ्लेमिंग के बीच रिश्तों पर उन्होंने कहा कि दोनों एक–दूसरे का बहुत सम्मान करते हैं। हसी ने सोनी टेन पिट स्पॉट कार्यक्रम के दौरान कहा, वे दोनों एक दूसरे को कॉम्पलीमेंट करते हैं। उन दोनों के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है। दोनों एक–दूसरे का सम्मान करते हैं। और दोनों को खेल की गहरी समझ है। दोनों बहुत स्मार्ट हैं और साथ में बहुत अच्छा काम करते हैं। मिस्टर क्रिकेट के नाम से मशहूर हसी ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि वह हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं।

## न्यूज डायरी



### मनोहर ने बीसीसीआई का जो नुकसान किया है, उसकी समीक्षा करेंः शाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बीसीसीआई के पूर्व सचिव निरंजन शाह ने कहा है कि शशांक मनोहर का आईसीसी के चेयरमैन पद से इस्तीफा देना जाहिर सी बात थी और अब उन्हें पलट कर देखना चाहिए कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्या किया।

शाह ने कहा कि शशांक मनोहर का आईसीसी के चेयरमैन पद से इस्तीफा देना जाहिर सी बात है। शशांक को इस बात को लेकर मिलेजुले भाव आ रहे होंगे कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए वे क्या कर सकते थे और उनके कार्यकाल में भारत में क्रिकेट के साथ क्या किया गया। उन्होंने कहा, 'अब वह आराम के दौर में होंगे और इस दौरान उन्हें बतौर आईसीसी चेयरमैन अपने कार्यकाल की समीक्षा करनी चाहिए। उन्हें देखना चाहिए कि उनके कार्यकाल के दौरान बीसीसीआई और भारतीय क्रिकेट का कितना नुकसान हुआ है।' शाह ने आगे कहा, 'बीते कुछ वर्षों में बीसीसीआई ने काफी कुछ झेला है।

### जब 6.2 फीट के श्रीनाथ को पहनना पड़ा सचिन तेंडुलकर का ट्राउजर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज हेमंग बदानी ने कहा है कि एक बार सचिन तेंडुलकर ने उनसे पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ के ट्राउजर की अदला–बदली करने के लिए कहा था। 2002 में कटक में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मैच से पहले बदानी ने कहा कि श्रीनाथ काफी नर्वस थे और सचिन ने उनका मूड ठीक करने के लिए उनके साथ मजाक करने के बारे में सोचा। बदानी ने इंस्टाग्राम पेज पर कहा, 'कटक में कुछ अजीब कारण से, वह (श्रीनाथ) बेहद घबराए हुए थे। बेहद नर्वस थे, जो कि वह सामान्य तौर पर नहीं होते हैं। मैं उस मैच में नहीं खेल रहा था, इसलिए सचिन मेरे पास आए और उन्होंने मुझसे श्रीनाथ के साथ एक गेम खेलने को कहा। श्रीनाथ छह फुट दो इंच के थे और सचिन पांच फुट पांच इंच के।' उन्होंने कहा, 'सचिन ने मुझसे कहा–सुनो तुम यह मेरी ट्राउजर लो और इसे जाकर श्रीनाथ के किट बैग में डाल दो और उनकी ट्राउजर कहीं भी ले जाकर रख दो।' उन्होंने बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया कि यह पैंट किसकी है।

### मुझे और मेरी जोड़ीदार को अलग नजरिए से देखते हैः दुती चंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की स्टार फर्राटा धाविका दुती चंद ने स्वीकार किया है कि पिछले साल महिला मित्र के साथ प्रेम का खुलासा करने के बाद लोग उन्हें 'अलग नजरिए से' देखने लगे लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। फिलहाल भारत की सबसे तेज महिला धाविका मानी जाने वाली चौबीस साल की दुती ने समलैंगिक संबंध रखने वालों को साहस दिखाने को कहा। हैदराबाद में अमेरिकी वाणिज्य दूत जोएल रीफमैन के साथ आनलाइन बातचीत के दौरान दुती ने कहा, 'किसी को भी कभी भी और किसी से भी प्यार हो सकता है। कोई भी ऐसा करने से पहले जात, धर्म या लिंग के बारे में फैसला नहीं करता।' पिछले साल मई में दुती ने खुलासा किया था कि वह ओडिशा में अपने ही गांव की महिला से प्यार करती हैं। उन्होंने कहा था कि लोगों से निजी जिंदगी छिपाने से बेहतर है कि चीजों का खुलासा कर दिया जाए।

### मुस्ताफिजुर के पंजे पर भारी रोहित की सेंचुरी, वर्ल्ड कप में भारत की जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2019 रोहित शर्मा के लिए लाजवाब रहा। रोहित ने उस वर्ल्ड कप में पांच सेंचुरी लगाईं जो एक रेकॉर्ड है। रोहित ने आज ही के दिन एक साल पहले बांग्लादेश के खिलाफ वर्ल्ड कप में शतक लगाया था। रोहित की पारी की मदद से भारत ने वह मैच 28 रन से जीता था। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित शर्मा ने आईसीसी वर्ल्ड कप–2019 में बांग्लादेश के खिलाफ चौथी सेंचुरी जड़ते हुए कई रेकॉर्ड लिस्ट में अपना नाम दर्ज करा लिया था। इस मैच में सेंचुरी लगाकर उन्होंने श्रीलंका के कुमार संगाकारा के एक वर्ल्ड कप में चार सेंचुरी लगाने के रेकॉर्ड की बराबरी कर ली थी। श्री लंकाई बल्लेबाज संगकारा ने 2015 में 4 सेंचुरी लगाने का वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया था।